नए निदेशक ने संभाला कार्यभार

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के नए निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने बुधवार को कार्यभार संभाला। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो. जैन ने रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने को अपनी प्राथमिकता बताई।

आईआईटी रुड़की के मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल विभाग के प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन को पिछले सप्ताह नया निदेशक बनाया गया था। बुधवार को पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल ने उन्हें निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी। इससे पहले मंदिर में दर्शन पूजन के बाद संस्थान पहुंचकर सबसे पहले निदेशक ने मालवीय प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कुलसचिव डॉ. एसपी माथुर समेत अन्य अधिकारियों ने निदेशक का स्वागत किया। प्रो. जैन ने कहा कि संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। छात्रों की समस्याएं सुनकर उसका समाधान कराया जाएगा। शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग से विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

आईआई टी बीएचयू में नए निदेशक प्रो. पीके जैन का स्वागत करते कुलसचिव

अमर उजाला, 02.08.2018